सीएसआईआर-सीरी में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण

स्वतंत्रता दिवस एवं रक्षाबंधन के अवसर पर किया गया पौधारोपण

पर्यावरण की सुरक्षा इसमें निवास करने वाले सभी नागरिकों की व्यक्तिगत एवं सामूहिक जिम्मेदारी है। इसी जिम्मेदारी के प्रति जागरूक करने और अपना दायित्व निभाने के लिए भारत सरकार द्वारा '**एक पेड़ मां के नाम**' अभियान शुरू किया गया है। भारत के प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी ने **विश्व पर्यावरण दिवस** के अवसर पर विगत 5 जून, 2024 को 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान की शुरुआत की और देश के नागरिकों से माताओं के सम्मान में एक पेड़ लगाने का आग्रह किया।

संस्थान परिसर में देश के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 15 अगस्त, 2024 को इस अभियान का शुभारंभ पर किया गया। अपने स्वतंत्रता दिवस संबोधन में डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी बढ़ते वैश्विक तापमान की चर्चा करते हुए तापमान नियंत्रण में पेड़-पौधों के महत्व को रेखांकित किया था। संबोधन के दौरान उन्होंने सभी कार्मिकों एवं कॉलोनीवासियों से पर्यावरण संरक्षण में अपना यथासंभव योगदान देने का आह्वान किया और उन्हें पौधारोपण के लिए आमंत्रित किया।

पौधारोपण कर एक पेड़ माँ के नाम अभियान का संस्थान में श्रीगणेश करते हुए डॉ पी सी पंचारिया तथा श्रीमती सीमा पंचारिया

संस्थान के प्रांगण में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह के उपरांत भारत सरकार के अभियान "एक पेड़ मां के नाम" के अंतर्गत डॉ पंचारिया, श्रीमती सीमा पंचारिया तथा विशिष्ट अतिथि वीरांगना श्रीमती सावित्री देवी (पत्नी - शहीद श्री राजकुमार पूनिया, सेना मेडल) के साथ-साथ संस्थान के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों व उनके परिजनों ने संस्थान परिसर में पौधारोपण किया।

संस्थान प्रांगण में पौधारोपण करती हुई वीरांगना श्रीमती सुमित्रा देवी

पौधारोपण करते हुए वरिष्ठ अधिकारीगण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संस्थान के कार्मिकों, उनके परिजनों आदि ने कुल 215 पौधे लगाकर इस हरित अभियान का श्रीगणेश किया। इस पौधारोपण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रुद्राक्ष, सीता-अशोक, लाल चंदन, ओलिएंडर, बोगैनबिलिया,

चंपा, प्राइड ऑफ इंडिया, बाँस, शमी, कचनार, टिकोमा, हड़जोड़, तुलसी, पोई, गुलाब, मरुआ आदि पौधे शामिल थे।

प्रीसीज़न कृषि प्रायोगिक स्टेशन में पौधारोपण करते हुए निदेशक एवं अन्य सहकर्मी, पौधारोपण के उपरांत समूह चित्र (नीचे)

"एक पेड़ माँ के नाम" अभियान का द्वितीय चरण संस्थान के प्रीसीज़न कृषि प्रायोगिक स्टेशन में आयोजित किया गया। इस चरण में विज्ञान भारती - राजस्थान भी सहभागी था। इसके अंतर्गत रक्षाबंधन पर्व के अवसर पर 19 अगस्त, 2024 को डॉ पी सी पंचारिया, निदेशक, सीएसआईआर-सीरी के नेतृत्व में संस्थान के सहकर्मियों, परियोजना कार्मिकों एवं छात्र-प्रशिक्षार्थियों ने प्रीसीज़न कृषि प्रायोगिक स्टेशन में सामूहिक पौधारोपण किया गया। द्वितीय चरण में 200 पौधे लगाए गए जिनमें आम, केला, लीची, बेलपत्र, नींबू, किन्नू, पीपल, बरगद, मोरिंगा, सीताफल आदि शामिल थे।

पौधारोपण अभियान के कुछ और चित्र